## महत्वपूर्ण एवं खास

### एक माह पहले लापता हुई बालिका मिली

**रायगढ़।** दिनांक 05.02.2022 को एक माह पहले पुसौर थाना क्षेत्र से लापता हुई नाबालिग बालिका को नव पदस्थ थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा ट्रांसपोर्टनगर रायगढ़ से बरामद किया गया है। बालिका को उसके गांव का युवक शादी करने का झांसा देकर दिनांक 04/01/22 के शाम बहला फुसलाकर भागा ले गया था। बालिका के परिजनों के रिपोर्ट पर पुसौर पुलिस द्वारा संदेही युवक पर अप.क्र. 06/2022 धारा 363 IPC का अपराध दर्ज कर अपहृत बालिका और संदेही की खोजबिन की जा रही थी। आज दिनांक 05.02.2022 को संदेही युवक को ट्रांसपोर्टनगर बस स्टैंड के पास देखे जाने की सूचना पर थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव हमराह स्टाफ ट्रांसपोर्टनगर बस स्टैंड जाकर दबिश दिया गया, जहां पुलिस टीम को अपहृत बालिका अकेली मिली। बालिका से पूछताछ करने पर संदेही युवक काफी देर पहले कुछ काम से रायगढ़ जाना और लौटकर नहीं आना बताई। पुलिस टीम ट्रांसपोर्टनगर बस स्टैंड एवं रायगढ़ रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड आदि स्थानों पर आरोपी को तलाश किया गया जो फरार है। पुलिस टीम बालिका को अपने साथ थाना लेकर आयी, जिसके परिजनों को सूचना दिया गया। बालिका पूछताछ में आरोपी युवक द्वारा शादी का प्रलोभन देकर इलाहाबाद लेकर जाना बताई है। बालिका का सीडब्लूसी एवं महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराकर अग्रिम विधिअनुरूप कार्यवाही की जावेगी। आरोपी युवक की पतासाजी के लिये थाना प्रभारी द्वारा मुखबिर लगाये गये हैं।

### पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरने से एक दो साल के मासूम की मौत

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के परपा थाना क्षेत्र में नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरने से एक दो साल के मासूम की मौत हो गई है। परपा पुलिस के मुताबिक पुसपाल में हाईस्कूल पारा में रहने वाले ठाकुरराम नाग की दो साल की बेटी तनुजा घर के पास ही खेल रही थी। खेल-खेल में अचानक ही बच्ची नल-जल योजना के तहत खोदे गए गड्?ढे में जा गिरी। बच्ची के गड्?ढे में गिरते ही परिजन की नजर उस पर पड़ गई और दौडक़र परिजन ने उसे गड्?ढे से बाहर निकाला। इसके बाद तत्काल बच्ची को गंभीर अवस्था में हॉस्पिटल लाया गया यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नक्सलियों ने पीएलजीए के 20 साल पूरे होने पर 108 पेज की ई-बुक जारी की

**जगदलपुर (आरएनएस)।** नक्सलियों ने पीएलजीए के 20 साल पूरे होने पर 108 पेज की ई-बुक जारी किया है। इसमें नक्सलियों ने संगठन की गतिविधियों से लेकर 20 साल में संगठन को हुए नुकसान-फायदे, संगठन से जुड़े लोगों की मौतों पर विस्तृत जानकारी सुलभ करवाई है। नक्सलियों का दावा है कि कुशल युद्ध के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है और इसे ही समझते हुए शिक्षा पर नए सिरे से काम किया जा रहा है। नक्सलियों ने अपनी एक पूरा शिक्षा प्रणाली तैयार करना शुरु कर दिया है । इस ई बुक में दी जा रही शिक्षा दो चरणों में दी जायेगी, इसके संबंध में नक्सलियों की ओर से बताया गया है कि प्रधान व द्वितीय बलों में स्कूल शिक्षा व राजनीतिक शिक्षा दिलाने के लिए कम से कम एक कामरेड को आबंटित करते हैं। स्कूल शिक्षा सिखाने के लिए मोबाइल अकादमिक स्कूल राजनीतिक शिक्षा देने के लिए मोबाइल पोलिटिकल स्कूल की व्यवस्था की गई है। पीएलजीए के कैडरों के लिए भाषा, गणित, विज्ञान शास्त्र, सामाजिक शास्त्र, मार्क्सवादी सिद्धांत, पार्टी की मौलिक दस्तावेज, नीतिगत पत्रों, पॉलिसी पेपर पर विशेष कक्षाएं चलाई जाएंगी।

# पन्द्रह लाख के 102 नग गुम हुए मोबाइल को एसपी मीणा ने लौटाया

- सायबर सेल रायगढ़ के निरंतर प्रयास से पिछले दो माह में गुम हुये सैकड़ो मोबाइलों को ट्रैक करने में मिली सफलता
- प्रदेश तथा प्रदेश के बाहर संचालित थे गुम मोबाइल, कोरियर व पुलिस टीम भेजकर किये गये रिकवर

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर साइबर सेल रायगढ़ की टीम लगातार मेहनत व लगन से गुम मोबाइलों को ट्रैक करने का कार्य कर रही है जिसके फलस्वरूप उत्तम परिणाम हासिल हो रहे हैं। पिछले 2 माह में गुम हुये मोबाइलों को ट्रैक कर उनका उपयोग कर रहे लोगों से संपर्क कर साइबर सेल टीम द्वारा कोरियर अथवा संबंधित थाने के स्टाफ से उन्हें साइबर सेल रायगढ़ मंगवाया गया है। दो माह के अंतराल में प्रदेश के कई जिलों समेत सीमावर्ती राज्य ओड़िशा, झारखंड, एमपी तथा पश्चिम बंगाल, बिहार से गुम हुये 102 मोबाइलों को रिकवर किया गया है, जिनका वर्तमान में बाजार मूल्य लगभग 15,08,000 (पन्द्रह लाख आठ हजार रूपये) है। बरामद मोबाइलों में कुछ मोबाइल चोर कर उपयोग में लाये जा रहे थे, इस संबंध में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर संबंधित थाना कोतवाली, घरघोड़ा एवं दिगर जिले में आरोपी पर अपराध दर्ज कराया गया है।



पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा एवं प्रशिक्षु आईपीएस प्रभात कुमार द्वारा आज दिनांक 05.02.2022 को पुलिस कार्यालय में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए गुम मोबाइल स्वामियों को उनके मोबाइल वापस लौटाया गया जिन्हें दोबारा नहीं गुमाने की समझाश दिये। एसपी मीणा बताये कि किसी और की मोबाइल का प्रयोग करना गैरकानूनी है यदि किसी को गुम मोबाइल मिलता है तो नजदीकी थाने, साइबर सेल में जाकर जमा कर दें। अपने गुम मोबाइल पाकर मोबाइल स्वामी काफी खुश नजर आये। कुछ ने कहा कि उन्हें मोबाइल दुबारा मिलने का विश्वास नहीं था, कुछ ने बताया कि मोबाइल पर कई सारे नीजी डक्युमेंट थे जो गलत हाथ में न जाये इसे लेकर चिंतित थे, बहर-हाल सभी एसपी अभिषेक मीणा एवं उनके साइबर सेल स्टाफ का शक्रिया कर मुस्कान के साथ पुलिस कार्यालय से गये।

मोबाइल कम्युनिकेशन का महत्वपूर्ण साधन है साथ उपयोगकर्ता मोबाइल पर कई सारे महत्वपूर्ण दस्तावेज, पिक्चर, विडियो सहेज कर रखता है, जिसके गलत हाथों में जाने से मोबाइल स्वामी अवांछित अपराध का शिकार हो सकता है। वर्तमान में मोबाइल गुम होने की घटनायें काफी ज्यादा होने के से जनसाधारण की सुविधा के लिये पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा साइबर सेल की टीम में प्रशिक्षित जवानों को क्राईम डिटेक्शन में पुलिस टीम की सहायता के साथ नागरिकों के गुम हुये मोबाइल खोजकर लौटाने का कार्य दिया गया है। साइबर सेल के प्रयासो से अब तक 900 से अधिक गुम मोबाइल स्वामियों को वापस किये जा चुकें है। साइबर सेल की टीम पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी लखन पटले के मार्गदर्शन पर कार्रवाई कर रही है। अब तक के मोबाइल रिकव्हर करने साइबर सेल की टीम में शामिल प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, आरक्षक बृजलाल गुर्जर, धनंजय कश्यप, प्रशांत पंडा एवं महिला आरक्षक मेनका चौहान का सराहनीय योगदान रहा है।

### दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 9 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वर्राटू के तहत दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कुल 09 नक्सलियों में मिलिशिया सदस्य हिड़मा कवासी, सोमाराम मंडावी, मेडिकल टीम सदस्य सुनील नुप्पो, कोसाराम सोड़ी, हिड़मा माड़वी, मंगलू कुंजाम, सोमड़ी लेकाम, महेश मरकाम व हिड़मा उर्फ कोयली ताती ने आज सीआरपीएफ और पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भांसी थाने में सीआरपीएफ डीआईजी विनय कुमार सिंह, बटालियन के सीओ दिनेश सिंह चंदेल, एसपी सिद्धार्थ तिवारी की मौजूदगी में 06 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। वहीं अरनपुर थाने में भी 03 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। इन सभी नक्सलियों के मुख्यधारा में लौटने पर सीआरपीएफ व पुलिस अधिकारियों ने उपहार व प्रोत्साहन राशि देकर स्वागत किया। इस मौके पर ट्रआइसी अनिल कुमार सिंह, एएसपी राजेंद्र जायसवाल, एसडीओपी करन उइके, डीएसपी आशारानी पाठक सहित अन्य मौजूद थे।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने मंदिर में की तोड़फोड़, चक्रधरनगर पुलिस ने लिया हिरासत में

**रायगढ़।** दिनांक 05.02.2022 के सुबह करीब 07.30 बजे ग्राम लामीदरहा और रेगड़ा के बीच स्थित शिव मंदिर में अज्ञात व्यक्ति द्वारा तोड़फोड़ की सूचना चक्रधरनगर पुलिस को मिली। घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा को मिलने पर तत्काल चक्रधरनगर पुलिस को मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति से अवगत कराने निर्देशित किया गया। चक्रधरनगर पुलिस की पेट्रोलिंग तत्काल मौके पर पहुंची जहां मंदिर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा तोड़फोड़ किया गया था। पुलिस स्टाफ द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर मंदिर के समीप रहने व्यक्ति द्वारा रात्रि करीब 01.30 बजे मंदिर की ओर से आवाज सुनना बताया। लामीदरहा के लोगों द्वारा गांव के किशन कुमार चौहान को रात में घूमना बताये जिसे पुलिस द्वारा उसे हिरासत में लिया गया जिसके हाथ में खरोंच के निशान थे। पुलिस स्टाफ द्वारा किशन चौहान (19 वर्ष) से पूछताछ करने पर उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं लगी, काफी पूछताछ बाद उसने रात्रि मंदिर में तोड़फोड़ करना स्वीकार किया। किशन चौहान के परिजन व उसके घर आसपास रहने वाले किशन को मानसिक रूप से विक्षिप्त होना बताये



और पहले भी गांव के पैरावट में किशन द्वारा आग लगाने की घटना कारित करना बताये। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा किशन चौहान को हिरासत में लेकर थाना लाया गया है जिसका चिकित्सकीय परीक्षण के लिये भेजा गया है। घटना को लेकर चक्रधरनगर पुलिस अप.क्र. 79/22 धारा 295, 427 आईपीसी पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है, गांव में स्थिति सामान्य है।

## हाइवे पर खड़ी गाड़ियों के बैटरी चोरी करने वाले दो शातिर आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों से चोरी की 6 बैटरी जब्त, ओड़िशा में खपाया जाता था चोरी की बैटरी
- आरोपियों को ग्राहक तलाश करते बार्डर के गांव पालीघाट में तमनार पुलिस ने पकड़ा

**रायगढ़।** दिनांक 05.02.2022 के सुबह थाना प्रभारी तमनार उप निरीक्षक जी.पी. बंजारे को उनके मुखबिर द्वारा तमनार थानाक्षेत्र अन्तर्गत बार्डर के गांव पालीघाट में हाइवे से गुजर रहे भारी वाहन के चालकों को दो युवक सस्ते में बैटरी बेचने का सौदा कर रहे हैं, बताया। सूचना पर चोरी के माल की बिक्री के संदेह पर तत्काल थाना प्रभारी तमनार हमराह स्टाफ सहायक उप निरीक्षक दुर्गाचरण साहू, आरक्षक अरविंद पटनायक के साथ मौके के लिये रवाना हुये जहां दो युवक संजय कुमार खड़िया और देशांत सिदार को बैटरी बेचने के लिये ग्राहक तलाश करते देखा गया। तमनार पुलिस दोनों युवकों को पूर्व में भी चोरी के अपराध में चालान किया गया है इसलिये मुखबिर की सूचना सही पाये जाने की अंदेशा पर दोनों युवकों से बैटरी के संबंध में कड़ी पूछताछ किया गया जिस पर दोनों हाइवे पर सुनसान या बिगड़े हालत में खड़ी वाहनों से बैटरी चोरी कर छिपा रखना बताये। आरोपीगण के निशानदेही पर 06 नग बैटरी (Exide, hi-Power & other) कीमती करीब 95 हजार रूपये की जप्ती कर आरोपी 1. संजय खडिया पिता मेघनाथ खडिया उम्र 20 साल निवासी हमीरपुर 2. देशांत सिदार पिता पाण्डव सिदार उम्र 20 वर्ष निवासी केनानी थाना तमनार जिला रायगढ़ पर धारा 41(1+4) CrPC/379 IPC की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी तमनार के साथ सम्पूर्ण कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक दुर्गाचरण साहू, आरक्षक अरविंद पटनायक की अहम भूमिका रही है।



## मिनी वेन के अंदर चटाई डाल गांजा की तस्करी करते दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

- आरोपियों से 1.75 लाख कीमत का 35 किलो गांजा और मिनी वेन जब्त्
- करनपाली से जांजगीर की जा रही थी गांजा की सप्लाई
- सप्ताह के भीतर बरमकेला पुलिस की दूसरी बड़ी कार्रवाई

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के कुशल नेतृत्त में बरमकेला पुलिस द्वारा ओड़िशा से होने वाले अवैध गांजा की तस्करी को लगातार विफल किया जा रहा है। सप्तहा के भीतर गांजा की तस्करी पर #बरमकेला पुलिस की दूसरी बड़ी कार्रवाई है। पिछले शनिवार को इन्वर्टर पर गांजा की तस्करी कर रहे आरोपी को बस स्टैंड बरमकेला के पास पकड़ा गया था। वहीं आज मिनी वेन के अंदर चटाई बिछाकर नीचे गांजा पैकेट रखकर तस्करी की जा रही थी जिसे एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर बरमकेला टीआई



ध्रुव कुमार मार्कण्डेय के सक्रिय सूचनातंत्र मिनी वेन के अंदर चटाई डाल गांजा की तस्करी करते दो गांजा तस्कर गिरफ्तार के जरिये विफल किया गया।

जानकारी के मुताबिक आज दिनांक 05.02.2022 के सुबह करीब 05/00 बजे थाना प्रभारी बरमकेला को मुखबीर से सूचना मिली की दो व्यक्ति महिन्द्रा मिनी वेन लांग रंग क्रमांक ओडी 07 व्ही 3564 में उडीसा तरफ से करनपाली होते जिला जांजगीर-चाम्पा अवैध गांजा लेकर जा रहे है। थाना प्रभारी द्वारा सूचना से पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी सारंगढ को सूचित कर एसडीओपी सारंगढ़ के निर्देशन पर तत्काल थाना प्रभारी मार्कण्डेय हमराह स्टाफ प्रधान आरक्षक शंभू पाण्डेय, आरक्षक दिनेश, मिनिकेतन, पुरूषोत्तम, कन्हैया को गवाहों के साथ ग्राम चांटीपाली अटल चौक के पास घेराबंदी किया गया जिनके द्वारा उडीसा की ओर से लाल रंग की मिनी वेन क्रमांक ओडी 07 व्ही 3564 को आते देखकर तथा वाहन को रोककर बारिकी से तलाशी ली गई जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा के पैकेट के उपर सफेद रंग की बोरी चटाई डालकर ले जा रहा था जिसका वजन कराने पर कुल 35 किलो गांजा कीमती 1.75 लाख रूपये तथा मिनी वेन कीमती 3.50 लाख रूपये कुल जुमला 5.25 लाख रूपये का होना पाया गया। पकड़े गये आरोपी 1. विनोद पुजारी पिता गजेन्द्र पुजारी उम्र 28 साल साकिन किल्लूगांव थाना बालीगुडा जिला कंधमाल उडीसा 2. गिरिश डिगल पिता अबनी डिगल उम्र 26 साल साकिन बारिकिया थाना बालीगुडा जिला कंधमाल उडीसा पर थाना बरमकेला में 20 (B) NDPS ACT की कार्यवाही की जा रही है। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक डी0के0 मार्कण्डेय, प्रधान आरक्षक शंभू पाण्डेय, आरक्षक दिनेश चौहान, पुरूषोत्तम राठौर, मिनकेतन पटेल, कन्हैया चौहान की अहम भूमिका रही है।

## छाल थानाक्षेत्र में चोरी के बाइक के साथ पकड़ा गया चोर, गिरफ्तार

**रायगढ़।** आज दिनांक 05.02.2022 को छाल पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर छाल सब एरिया आफिस के पास से चोरी की होण्डा साइन मोटर सायकल के साथ आरोपी को पकड़ा गया है, आरोपी बाइक की बिक्री के लिये ग्राहक तलाश कर रहा था। आरोपी महेन्द्र कुमार स्वर्णकार पिता सुरेन्द्र कुमार स्वर्णकार उम्र 22 साल निवासी रहौद पकरिया थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चाम्पा से नवापारा छाल से चोरी गई बाइक होंडा साईन क्रमांक CG 13 AM- 7185 की जप्ती की गई है। चोरी गई बाइक नवापारा छाल निवासी शत्रुघन सिह पोर्ते की है। बाइक चोरी के संबंध में दिनांक 23.01.2022 को शत्रुघन सिह पोर्ते की पत्नी श्रीमती नमिता देवी द्वारा थाना छाल में मोटर सायकल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि



प्रतिदिन की तरह दिनांक 05.01.22 को सुबह बाइक CG 13 AM 7185 आंगन में खड़ी किये थे, जिसे कोई अज्ञात चोरी कर ले गया था। छाल पुलिस अज्ञात आरोपी पर धारा 379 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर माल मुल्जिम की पतासाजी की जा रही थी, आज मुखबिर सूचना पर आरोपी को पकड़ा गया है जिसे बाइक चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## सबई घास से समूह की महिलाओं को मिला रोजगार के अवसर

- 8 लाख 5 हजार मूल्य का 32 क्विंटल सबई घास किया जा चुका प्रसंस्करण

**रायगढ़।** शासन द्वारा ट्रायफेड एवं छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के सहयोग से 52 प्रकार के लघु वनोपज का समर्थन मूल्य निर्धारित कर वन धन योजना से संग्रहण एवं लघु वनोपज का प्रसंस्करण किया जा रहा है। जिसका सीधा लाभ वनांचल में रहने वाले लोग एवं स्व-सहायता समूह को होता दिखाई दे रहा है। वन परिक्षेत्र बाकारूमा अंतर्गत वन-धन विकास केन्द्र कड़ेना के प्रभारी सरस्वती स्व-सहायता समूह एवं संलग्न अन्य 11 स्व-सहायता समूह द्वारा सबई घास से टोकरी एवं कोस्टर निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिससे समूह की महिलाओं को रोजगार के साथ ही अतिरिक्त आय का जरिया मिला है। इस कार्य से होने वाले आर्थिक लाभ से समूह की महिलाएं खुश है। महिलाओं द्वारा अब तक 32 क्विंटल सबई घास का प्रसंस्करण किया जा चुका है। जिसका मूल्य 8 लाख 5 हजार से अधिक है।

इस कार्य को जिला यूनियन स्तर पर उडिसा से मयुरबंज के 02 मास्टर ट्रेनर के द्वारा 30 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें 100 सदस्य टोकरी एवं कोस्टर निर्माण कार्य में कौशल प्राप्त किए। उक्त प्रशिक्षण में सबसे अच्छी टोकरी निर्माण करने वाले 10 हितग्राहियों को मास्टर ट्रेनर का जिला यूनियन स्तर पर चयनित किया गया है। इसके द्वारा ग्राम स्तर पर 550 हितग्राहियों को टोकरी निर्माण कार्य का प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें से वर्तमान में घर पर ही अंशकालिक कार्य कर सबई घास संग्रहण कर प्रसंस्कृत कर 280 हितग्राहियों के द्वारा सबई रस्सी, टोकरी एवं कोस्टर निर्माण कर 2500 से 3000 रूपए प्रति माह अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे। समूह के द्वारा निर्मित सबई घास से टोकरी को शासन स्तर पर मंत्रीमंडल को उपहार स्वरूप भेजा गया। जिससे समूह द्वारा दुगनी उत्साह से कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार के जनजातिय मंत्रालय द्वारा सरस्वती स्व-सहायता समूह कडेना को पुरस्कृत कर वन धन के महिला स्व-सहायता को प्रोत्साहन मिला। सबई घास की टोकरी निर्माण से अतिरिक्त आय के फलस्वरूप समूह के जीवन स्तर में आर्थिक सुधार आया है। वन विभाग वनमंडल धरमजयगढ़ अन्तर्गत वनांचल में रहने वाले लोगो को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए वन धन योजना अंतर्गत लघु वनोपज खरीदी वर्ष 2021 के कोरोना काल में संपादित किया गया।

## पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट का पालन नहीं करने वाले नर्सिंग होम, सोनोग्राफी सेंटर पर करें कार्यवाही-कलेक्टर भीम सिंह

- जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सिंह हॉस्पिटल एवं सोनोग्राफी सेन्टरों का नियमित निरीक्षण करने एवं कमियां पाये जाने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर सिंह ने जिले में सोनोग्राफी केन्द्रों एवं पंजीकृत संस्थाओं की जानकारी ली। सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केसरी ने बताया कि सोनोग्राफी सेन्टर के रूप में कुल 27 पंजीकृत संस्था है। जिसमें 02 शासकीय एवं 25 निजी है। इसी तरह 02 निजी आईव्हीएफ सेन्टर, 01-01 निजी ईकों सेन्टर तथा आई हॉस्पिटल तथा 01 शासकीय मंकी स्टरलाईजेशन सेंटर कुल 32 संस्थाएं पंजीकृत है। कलेक्टर सिंह ने नवीन पंजीयन, चिकित्सक का नाम हटाने एवं जोडऩे, सीटी स्केन मशीन का नाम जोडऩे तथा पूर्व पंजीयन फार्म-बी में स्थान परिवर्तन की समीक्षा की। सीएमएचओ द्वारा बताया गया कि सांई कृपा नर्सिंग होम, सरिया तथा आरोग्यम नर्सिंग होम, रायगढ़ का ऑनलाईन पंजीयन हेतु आवेदन



प्राप्त हुआ है। जिनका एक्ट के तहत सोनोग्राफी सेन्टर में पंजीयन किया जाना है। अनुपम डायग्नोस्टिक सेंटर एमआरआई का ऑनलाईन आवेदन प्राप्त हुआ है। सीएमएचओ डॉ.केशरी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान लोकेश हॉस्पिटल पुसौर में फार्म-एफ के मासिक रिपोर्ट एवं रेफलर स्लीप व आईडी प्रूफ की कमियां पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसका उन्होंने स्पष्टीकरण कार्यालय में प्रस्तुत किया। कलेक्टर सिंह ने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही भविष्य में नही होनी चाहिए। लापरवाही करने वाले नर्सिंग होम पर कार्रवाही की जाए।

इस दौरान जिला अभियोजन अधिकारी वेद प्रकाश पटेल ने कहा कि नर्सिंग होम एवं सोनोग्राफी सेंटर में कितने गर्भवती एवं सामान्य का टेस्ट किया है। उनकी जानकारी प्रदान की जाए। इसके साथ ही कितने सेंटरों ने बीपीएल एवं उनको दी जाने वाली छूट का पालन किया। जिस पर कलेक्टर सिंह ने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि चाही गई जानकारी उपलब्ध कराया जाए। साथ ही नियमों का पालन नही करने वालों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान कोतरा रोड़ स्थित सोनोग्राफी सेंटर के कारण मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित होने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर सिंह ने सोनोग्राफी सेंटर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोनोग्राफी सेंटर की जिम्मेदारी है कि मरीजों की सुविधा के लिए पार्किंग की व्यवस्था करें।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, वेदप्रकाश पटेल, श्रीमति स्नेहलता शर्मा, डॉ.श्रीमति सुषमा एक्का, डॉ.विभा मिंज, डॉ.पी.के.गुप्ता, डॉ.एस.टोप्पो, सतपाल बग्गा आदि उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480